NBT
नवभारत टाइम्स

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 2 नवंबर 2023

## टेनिस चैंपियनशिप में एमएम स्कूल का दबदबा



सीबीएसई सेंट्रल जोन टेनिस चैंपियनशिप के अंडर-17 बालक और बालिका वर्ग में एमएम पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा के शुभम सहरावत,गोविंद सिंह और दिव्या अनग्रीश व अंडर-19 बालिका वर्ग में कुमकुम को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। पांच दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता में दिल्ली क्षेत्र के 90 से अधिक स्कूलों के 500 खिलाड़ियों ने अंडर-19 लड़कों/लड़कियों और अंडर-17 लड़कों/लड़कियों के वर्गों में भाग लिया। एमएम स्कूल की प्रधानाचार्या रुमा पाठक, प्रबंधक सोमेश ऋषि पाठक और सीबीएसई प्रवेशक रजनीश कालिया ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।